कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 28/03/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 27.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01.महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइंस गाजीपुर में मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 03 परिवारों की कराई गई विदाई।

आज दिनांक 27.03.2025 को पुलिस लाइन प्रांगण में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 12 प्रकरण को सुना गया जिसमें काफी समय से विवादित चल रहे 03 प्रकरण में दोनो पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। 03 प्रकरण में मध्यस्थता विफल होने के कारण विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई एवं 02 परिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। शेष 04 परिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में काउंसलर कमरूद्दीन, सोनिया सिंह,महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी संध्या, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

02.थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 73/2025 धारा 329(3)/351(3)/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 27.03.2025 को थाना जमानिया के उ0नि0 भूपेशचन्द्र कुशवाहा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर पाण्डेय मोड़ कस्बा जमानियां से मु0अ0सं0 73/2025 धारा 329(3)/351(3)/64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त मुसम्मी शाहवाज उर्फ शहनवाज पुत्र एजाज निवासी सुभानटोली कस्बा जमानियां थाना जमानियां जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– मुसम्मी शाहवाज उर्फ शहनवाज पुत्र एजाज निवासी सुभानटोली कस्बा जमानियां थाना जमानियां जनपद गाजीपुर उम्र करीब 30 वर्ष।

आपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0सं0 73/2025 धारा 329(3)/351(3)/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर

03.थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 131/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी व 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 27.03.2025 को उ0नि0 भूपेशचन्द्र कुशवाहा मय हमराहियान द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम मतसा चट्टी के पास से मु0अ0सं0 131/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी व 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता – मुकेश कुमार पुत्र विरेन्द्र राम निवासी रेवतीपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष

आपराधिक इतिहास–

मु0अ0सं0 131/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना जमानिया जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर